तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 एक दशक से रामलीला की प्रस्तुति दे रहे कलाकारों का हुआ सम्मान



12 हर वार्ड में विकास ही प्राथमिकताः निखिलकांत



खबर संक्षेप

रकम लेनदेन को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम कुम्हारी में रकम लेनदेन को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले मं आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कैलाशचंद्र पटेल पिता स्व अमृतलाल पटेल (60 वर्ष) निवासी ग्राम कुम्हारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को लगभग 7.15 बजे के आसपास में अपने मोटर सायकल में कर्राभौना कुंवर बाई दुकान के पास गुटखा एवं पैसा देने के लिए खड़ा था, उसी समय उसने वहां आए माधव प्रसाद सिदार को पुराने पैसे को देने के लिए कहा, इस पर उसने नहीं दूंगा कहते हुए गाली गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 296,115(2),351(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

युवती के साथ मारपीट चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम चोरभट्ठी में युवती के साथ मारपीट किए जाने के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोरभट्ठी की सुवर्णा बारिक के साथ 24 अक्टूबर को सविता साहू और सुनिता प्रधान द्वारा घर से निकाल देने की बात पर करीब सुबह 6-7 बजे विवाद कर मारपीट की गई। जिसे इलाज के लिए डायल 112 से शासकीय अस्पताल बसना लाया गया। पूछताछ में प्रार्थी हेमकुमार साहू को उसकी भतीजी सुवर्णा ने बताया आरोपी दिवाकर बारिक, सविता, सुनिता प्रधान, गोसाईराम बारिक द्वारा उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

युवक के साथ गाली गलौज, कार में तोड़फोड़

महासमुंद। ग्राम परसकोल में एक युवक के साथ गलौज और उसकी कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोडमर्रा के दीपक प्रधान ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने कार आर्टिगा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 0727 से अपने मामा राधेश्याम भोई निवासी परसकोल के पास अपने जमीन संबंधी दस्तावेज और घरेलू सामान को लेने गया था, तब उसके मामा राधेश्याम भोई व उनके बेटे निलेश भोई एवं दीपेश भोई जमीन संबंधी दस्तावेज व उक्त घरेलू सामान को नही देंगे कहकर गाली गलौज कार में तोड़फोड़ करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 324(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मोटर वाइंडिंग दुकान से कापर वायर और नगद रकम चोरी

महासमुंद। ग्राम तेंदूकोना के एक मोटर वाइंडिंग दुकान से कापर वायर और नगद रकम चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम टूरीझर निवासी जीवन साहू की मेन रोड तेंदूकोना में मोटर वाइंडिंग दुकान है। 24 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे दुकान बंद करके वह घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 08.40 बजे को जब दुकान खोला तो देखा कि उसके दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान से पुराना रिवाइंडिंग कापर तार लगभग 100 किलोग्राम अनुमानित कीमत 1,30,000, नया कापर तार लगभग 20 किलोग्राम अनुमानित कीमत 31,000 और नगद रकम- 500 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पानी के नीचे की जमीन को फर्जी दस्तावेज से कृषि भूमि बताकर बेचा!

अफसर ने किया नामंतरण निरस्त, पटवारी पर ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

फर्जी दस्तावेजों के सहारे पानी की नीचे की सरकारी जमीन को कृषि भूमि बताकर बेचे जाने का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम मुढ़ैना में सामने आए इस फर्जीवाड़ा के संबंध में ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 37, राजस्व निरीक्षक मंडल बरोंडाबाजार के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुढ़ैना में सरकारी 'सरार' याने पानी के नीचे दर्ज भूमि को फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से बेच दिया गया है।

क्या है पूरा मामला? कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, ग्राम मुढ़ैना स्थित खसरा नंबर 439 (रकबा 0.7900 हेक्टेयर) भूमि वर्ष 1990-91 के राजस्व रिकॉर्ड में 'सरार' यानी पानी के नीचे दर्ज थी। आरोप है कि आरगं तहसील के ग्राम गोईंदा निवासी महादेव, दुलारी बाई और नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस भूमि को ग्राम लभराखुर्द निवासी श्रीमती ज्योत्सना कन्नौजे के पक्ष में 11 अक्टूबर 2021 को पंजीकृत विक्रय पत्र के जरिए बेच दिया। रोचक बात यह है कि इस जमीन को कृषि भूमि बताकर बेचा गया। मामले को लेकर पटवारी राकेश थवाईत के अनुसार उक्त नामांतरण उनके कार्यकाल के पूर्व का नामांतरण है। बंदोबस्त त्रुटि सुधार में तहसील कार्यालय के आदेश से नामांतरण किया गया है।

न्यायालय द्वारा खारिज होने के बावजूद रिकॉर्ड में नाम चढ़ाने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया है कि भूमि की क्रेता ज्योत्सना कन्नौजे ने महासमुंद नायब तहसीलदार न्यायालय में नामांतरण आवेदन दिया, जिसे तत्कालीन पीठासीन अधिकारी/नायब तहसीलदार द्वारा 13 मार्च 2023 को खारिज कर दिया गया। नामांतरण निरस्त किए जाने के बावजूद, तत्कालीन हल्का पटवारी राकेश कुमार थवाईत ने 25 मार्च 2025 को मिलीभगत कर राजस्व अभिलेखों में ज्योत्सना कन्नौजे का नाम दर्ज कर दिया, जिसे ग्रामीणों ने पूर्णतः अवैधानिक कृत्य बताया है।



कलेक्टर से सख्त कार्रवाई और रिकॉर्ड सुधार की मांग

प्रार्थी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही, अधिकार विहीन होकर आदेश पारित करने और राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने वाले पटवारी, राजस्व निरीक्षक व अन्य दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा खसरा नंबर 439 (रकबा 0.7900 हेक्टेयर) को पुनः राजस्व रिकॉर्ड में 'सरार' (पानी के नीचे) के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए जाएं।

मनमानी: एनएच-353 पर यातायात नियमों की अनदेखी, कैमरों की निगरानी के बावजूद कार्रवाई नदारद

बिना नंबर प्लेट शहर के बीच से गुजर रहे हैं बिल्डिंग मटेरियल से लदे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर बिना नंबर प्लेट वाले भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। इन वाहनों के बेखौफ शहर से गुजरने के बावजूद यातायात विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

एक ओर शहर के चौक-चौराहों पर हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के लिए कैमरों से निगरानी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे भारी वाहनों पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस पहल का अभाव नजर आ रहा है।





आबादी वाले इलाकों से तेज रफ्तार में आवाजाही

रविवार को हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि फिंगेश्वर की ओर से रेत उत्खनन एवं परिवहन में लगे कई ट्रक एवं ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के शहर के आबादी वाले इलाकों से होकर गुजर रहे हैं।

इन वाहनों की तेज रफ्तार से आवाजाही आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है। बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे इन वाहनों की पहचान करना भी मुश्किल हो सकता है। वहीं कैमरे ऐसे वाहनों का चालान भी नही काट पाती है। ऐसे में किसी दुर्घटना या यातायात नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित वाहन की पहचान करना भी मुश्किल है।

त्योहारी सीजन में बढ़ेगा यातायात का दबाव

त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। खरीदारी के लिए निकलने वाले नागरिकों, दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की संख्या बढ़ने से सड़कों पर दबाव भी अधिक रहता है। ऐसे समय में शहर के बीच से तेज रफ्तार में गुजरते भारी मालवाहक वाहन दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा सकते हैं।

कैमरे लगे, फिर भी कार्रवाई पर सवाल

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात नियमों की निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। हेलमेट नहीं पहनने जैसे उल्लंघनों पर चालानी कार्रवाई भी की जाती है। इसके बावजूद बिना नंबर प्लेट वाले भारी वाहनों का शहर के भीतर से गुजरना निगरानी व्यवस्था और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करता है। जरूरत है कि यातायात विभाग ऐसे वाहनों की नियमित जांच करे, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

पटपरपाली-बाम्हनडीह में एक महीने में कई किसानों के ट्यूबवेल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोमाखान थाना क्षेत्र के पटपरपाली-बाम्हनडीह इलाके में खेतों में लगे ट्यूबवेल और फार्म हाउस को चोर लगातार निशाना बना रहे हैं। बीते एक महीने के दौरान कई किसानों के खेतों से कॉपर वायर, पानी के पंप और बैटरी से चलने वाले कृषि उपकरणों की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसान परेशान हैं और उन्हें खेती-किसानी में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ताजा घटना 25 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। चोरों ने किसान मनोज चंद्राकर के फार्म हाउस में बने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखे पानी के पंप, करीब 300 फीट कॉपर वायर और कई अन्य उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र के किसानों में चिंता बढ़ गई।

जानकारी के अनुसार, पिछले एक महीने में सागर त्रिपाठी, शिव साहू, तेजन साहू, अजय यादव और राजेंद्र शर्मा के खेतों में लगे ट्यूबवेल को भी चोरों ने निशाना बनाया। इन किसानों के खेतों से कॉपर वायर, पंप और दवा छिड़कने में उपयोग होने वाली बैटरी सहित अन्य उपकरण चोरी किए जाने की बात सामने आई है। किसानों के मुताबिक, इन घटनाओं में उन्हें लाखों रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि पहले हुई चोरी की घटनाओं में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। लेकिन मनोज चंद्राकर के फार्म हाउस में ताजा चोरी के बाद किसानों ने पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने का निर्णय लिया। मनोज चंद्राकर के साथ किसान पंडित दिलीप त्रिपाठी और तेजन साहू भी 25 अक्टूबर को कोमाखान थाना पहुंचे। किसानों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और खेती में इस्तेमाल होने वाले महंगे उपकरणों की चोरी से होने वाले नुकसान की जानकारी पुलिस को दी। किसानों की मांग है कि चोरी की घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए मामले की जांच की जाए और खेतों तथा फार्म हाउस में चोरी करने वाले लोगों का पता लगाया जाए, ताकि आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। खेत गांव से दूर होने और वहां रात के समय निगरानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को अपने ट्यूबवेल, पंप और कृषि उपकरणों की सुरक्षा की चिंता सता रही है।

छिबर्रा में नाचा कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट कोमाखान थाने में अलग-अलग मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम छिबर्रा में नाचा पार्टी कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को छिबर्रा के लकेश्वर ठाकुर ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात करीबन 11.30 बजे गांव में छत्तीसढी नाचा पार्टी का कार्यक्रम चल रहा था। विशाल घर के सामने गांव के गली में गांव के मुलेश डडसेना, पुनेश्वर साहू, भरत ठाकुर, प्रदीप डडसेना खडे होकर कार्यक्रम देख रहे थे, उसी दौरान गांव के चैतराम जांगड़े, त्रिलोचन जांगड़े, हिमाचल जांगड़े एवं उसके घर आए मेहमान गाली गलौज करने लगे, जब उसने क्यों गाली गलौज कर रहे हो कहा, तब वे लोग तुम कौन होते हो मना करने वाले कहकर गाली गलौज कर जाने से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारने लगे, जब बीच बचाव करने मुलेश डडसेना, पुनेश्वर साहू, भरत ठाकुर, प्रदीप डडसेना आए तो उनके साथ भी आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। इस दौरान हाथ में रखे चाकू जैसी वस्तु से चैतराम जांगडे द्वारा वार करने पर पुनेश्वर साहू , भरत ठाकुर की छाती में चोट लगी। इसी तरह प्रदीप डडसेना एवं मुलेश डडसेना की पीठ में चाकू जैसी वस्तु से वार करने से चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष के हिमालय जांगड़े ग्राम छिबर्रा ने बताया कि 24 अक्टूबर को गांव में छत्तीसढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम देखने गया था, रात्रि करीबन 11.30 बजे विशाल घर के सामने गांव के गली में भाई त्रिलोचन जांगडे, जीजा हेमचंद टंडन एवं पिताजी चैतराम जांगड़े खड़े होकर कार्यक्रम देख रहे थे, उसी दौरान वह और जीजा हेमचंद टंडन के साथ बातचीत कर रहा था, तभी गांव के लकेश्वर ठाकुर ने यहां क्यों गाली दे रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा। जब उसे मना किया तो लकेश्वर ठाकुर अपने साथी मुलेश उर्फ लक्की डडसेना एवं उनके अन्य साथी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जब उसके जीजा, भैया एवं पिता बीच बचाव करने आये उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

महासमुंद ने बीएसपी को 94 रनों पर समेट दर्ज की ऐतिहासिक जीत, एलीट ग्रुप में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में महासमुंद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी और एलीट ग्रुप में अपनी जगह बनाई। इस जीत में गेंदबाज आयुष द्विवेदी और कप्तान अनमोल द्विवेदी की अहम भूमिका रही।

मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए महासमुंद की टीम ने पहली पारी में 163 रन बनाए। टीम की ओर से मनोज पटेल ने 48 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 33 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी साहू ने 55 गेंदों में 5 चौकों के सहारे 31 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा पीयूष कुमार मंडावी ने 20, आदि पटेल ने 19 और कप्तान अनमोल द्विवेदी ने 18 रन बनाए।



164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसपी की टीम महासमुंद के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज आयुष द्विवेदी ने 8.5 ओवर में मात्र 7 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। वहीं कप्तान अनमोल द्विवेदी ने 8 ओवर में 25 रन देकर 4 विकेट झटके। दोनों गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते बीएसपी की पूरी टीम 32.5 ओवर में महज 94 रनों पर सिमट गई।

महासमुंद की टीम नेट रन रेट के मामले में पीछे चल रही थी। एलीट ग्रुप में जगह बनाने के लिए कोरबा के खिलाफ जीतना और बेहतर नेट रन रेट हासिल करना जरूरी था। कोरबा के 181 रनों के जवाब में महासमुंद ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29.3 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बना लिए और 4 विकेट से जीत दर्ज की। निर्धारित 30 ओवर के भीतर मिली इस जीत ने टीम की आगे बढ़ने की राह मजबूत की। महासमुंद की इस उपलब्धि पर संघ के सदस्यों शशांक मोघे, विनोद शर्मा, सलीम कुरैशी, अमृत चोपड़ा, दिनेश शर्मा, बंटी चावला, नासिर अली, राकेश चंद्राकर, राजकुमार राठौर, आनंद कामदार, राजेश शर्मा, नवनीत गुरुदत्ता एवं तुषार चौहान सहित कोच आलोक द्विवेदी और तृपेश साहू ने पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

झलप नवोदय प्री-टेस्ट में 462 बच्चे शामिल, नवोदय की तैयारी का परखा स्तर

शिक्षक संगवारी ग्रुप ने किया नवोदय अभ्यास परीक्षा का आयोजन, बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झलप में शिक्षक संगवारी ग्रुप द्वारा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए नवोदय प्री-टेस्ट का आयोजन किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में महासमुंद जिले के साथ-साथ गरियाबंद, बलौदाबाजार एवं रायपुर जिले के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। परीक्षा के लिए लगभग 462 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया।

यह आयोजन शिक्षा विभाग महासमुंद के अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, प्राचार्य विजयलक्ष्मी सिदार, प्रधानपाठक तारा ध्रुव, संकुल समन्वयक सतीश तिवारी, कौशल सिन्हा, देवानंद पटेल, शाहिद खान एवं फनेंद्र कुमार बंजारे सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं शिक्षकों ने परीक्षा केंद्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी, नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को पूरी लगन एवं मेहनत के साथ तैयारी करने तथा नवोदय विद्यालय में चयनित होकर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने बताया कि नवोदय प्री-टेस्ट नए पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा से पहले परीक्षा पद्धति से परिचित कराना, ओएमआर शीट भरने का अभ्यास कराना, संभावित गलतियों को सुधारना तथा अपनी तैयारी का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है। इससे विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर कर सकेंगे और आगामी प्रवेश परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी कर पाएंगे।

नवोदय, प्रयास एवं एकलव्य की तैयारी कराने वाले शिक्षकों का सम्मानः शिक्षक संगवारी ग्रुप द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने तथा विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

नवोदय, प्रयास एवं एकलव्य विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने में योगदान देने वाले शिक्षक जितेन्द्र दीवान, केदार साहू, रिंकल बग्गा, धनेश्वर साहू एवं राजेन्द्र साहू का सम्मान किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान को सम्मान देना है।

आयोजन की सफलता में शिक्षकों का रहा सहयोग

नवोदय प्री-टेस्ट के सफल आयोजन में शिक्षक लुकेश ध्रुव, भूषण साहू, पितेश्वर ध्रुव, गणेशराम ध्रुव, भानुप्रताप चन्द्राकर, कमल साहू, देवेंद्र साहू, दशरथ ध्रुव, गुणसागर पटेल, अनिल डोंगरे, योगेश निर्मलकर, लकेश्वर पटेल, भूषणलाल चंद्राकर, दिनेश नायक, राजू कुर्रे, रमेश नेताम, किरण साहू, पार्वती ठाकुर सहित समस्त शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। शिक्षक संगवारी ग्रुप की इस पहल को विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने, उनकी परीक्षा संबंधी झिझक दूर करने तथा नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

कार की ठोकर से गाय को लगी चोट, विरोध करने पर वाहन चालक ने की मारपीट

महासमुंद। भलेसर में तेज रफ्तार कार की ठोकर से एक गाय को चोट लग गई, इसका विरोध करने पर कार चालक ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को भलेसर के आलेश यादव ने बताया कि 23 अक्टूबर को रात्रि करीबन 8.45 बजे दुर्गा समिति द्वारा ग्राम भलेसर भाठापारा दुर्गा चौक के पास मीटिंग रखी गई थी, उसी समय देखा कि गांव के राजू कुर्रे ने अपनी कार को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चला कर एक गाय को ठोकर मार दिया, जिससे गाय को चोट लगी। जब प्रार्थी ने वाहन चालक राजू को सही ढंग से गाड़ी चलाने कहा तब राजू उत्तेजित होकर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। जब उसकी बेटी मंजू यादव बीच बचाव करने आई तो उसे भी मारपीट करने पर उतारू हो गया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 281, 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

खबर संक्षेप

एमसीएच कालीबाड़ी में होगा ऑपरेशन थियेटर का उन्नयन

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में तीन ऑपरेशन थिएटर को बेहतर बनाने का काम 16 नवंबर से शुरू होगा। इस काम को पूरा होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। इस दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। उन्नयन कार्य के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में होने वाले ऑपरेशन जिला अस्पताल, पंडरी में किए जाएंगे। इसके लिए पंडरी अस्पताल में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।ऑपरेशन थिएटर के उन्नयन के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में सामान्य प्रसव, ओपीडी और वार्ड की सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

प्रोजेक्ट धड़कन, 29 को मिला नया जीवन

रायपुर। जिले में संचालित 'प्रोजेक्ट धड़कन' जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए नई उम्मीद बन रहा है। इसके अंतर्गत जिले में अब तक 2 लाख 58 हजार 838 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। वहीं 29 बच्चों के हृदय का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया है तथा 9 बच्चों को आवश्यक चिकित्सा उपचार एवं प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल से बच्चों को स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद मिली है और उनके माता-पिता के चेहरों पर खुशियां लौटी हैं। जिला प्रशासन एवं श्री सत्य साईं अस्पताल के सहयोग से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बच्चों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग कर हृदय रोग के संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर उन्हें विस्तृत जांच के लिए चिन्हांकित किया जाता है। बीमारी की पुष्टि होने पर बच्चों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों का स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने 38वीं राष्ट्रीय सबजुनियर टेनिकॉईट स्पर्धा में कास्य पदक जीत कर राजधानी पहुंचने पर रेल्वे स्टेशन में खिलाडियों का टेनिकाईट संघ के ने स्वागत किया। इस मौके पर पदक विजेता टीम खिलाड़ी-नुकिता साहू, ऐश्वर्या साहू, दिशा साहू, निशा वर्मा, उन्नति दूबे, नियति जायसवाल मौजूद रही। टीम ने पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल को 3-0, गोवा को 3-1 से हराया, सेमीफाइनल में पुडुचेरी से 3-2 से हारकर कांस्य जीता। खिलाड़ियों को स्वागत करने वालों में विधान मिश्रा, संजय शर्मा, वरुण पाण्डे, जया लक्ष्मी, लक्ष्मी साहू, कविता, अर्चना दीवान, लालू सोनकर शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई और रोजगार पर चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग कार्यालय में आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने छात्र संगठन के साथ लम्बी चर्चा की। छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र संगठन के प्रमुख जीतेंद्र कुमार साहू ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष के तरफ से छात्र संगठन को बुलावा आया था, जिसे छात्र संगठन द्वारा स्वीकार कर आयोग के कार्यालय में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बैठक कर एक लंबी और सार्थक चर्चा की गई। छात्र संगठन प्रमुख जीतेंद्र साहू के तरफ से एक ही विषय पर चर्चा केंद्रित रखी गई। तथा पूरी जानकारी एक-एक कर डॉक्यूमेंट के साथ प्रस्तुत की गई, जिसके तहत छत्तीसगढ़ी कानूनी रूप से वर्ष 2008 से राज्य की राजभाषा है, वर्ष 1885 से इसका लिखित व्याकरण है, इसकी लिपि देवनागरी है, हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2019 में डिविजन बेंच ने छत्तीसगढ़ी पढ़ाने का आदेश दिया है, नई शिक्षा नीति-2020 भी यही कहती है कि राज्य को अपनी मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा/ में बच्चों को अनिवार्य रूप से पढ़ाना होगा, किंतु ये सब होने के बावजूद आज हम अनशन, सत्याग्रह, धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी के लिए भूख हड़ताल करनी पड़ रही है, इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है? छात्र प्रमुख ने एक लाइन से कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा में कक्षा 1 से 12वीं तक पढ़ाई-लिखाई और छत्तीसगढ़ी भाषा डिग्रीधारी छात्रों को रोजगार का अवसर मिले।

मांग पत्र, धरना, सीएम से मुलाकात व हस्ताक्षर अभियान पर जोर

सर्वदलीय बैठक में सरायपाली को जिला बनाने के लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सरायपाली को जिला बनाए जाने की मांग अब पुनः उठने लगी है। हालांकि सरायपाली को जिला बनाए जाने की मांग काफी पुरानी है। बीच बीच में समयानुसार यह मांग नागरिकों, राजनैतिक दलों व विभिन्न संघ, संगठनों के माध्यम से उठती रही है। किंतु राजनेताओं, राजनैतिक दलों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाने के कारण यह फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है। किंतु, इस बार सरायप्त को जिला बनाने की मांग जैसे गंभीर विषय पर विधायक चातुरी नन्द द्वारा स्वयं रुचि लिए जाने के कारण उम्मीदें बंधी है। इस हेतु स्वयं विधायक के मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा संभावनाओं का सर्वे किए जाने की घोषणा भी की गई है।

इस संबंध डेलिगेशन समिति के सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरायपाली को जिला बनाए जाने के संबंध में विधायक चातुरी नंद तथा जिला निर्माण संघर्ष समिति के संयुक्त आव्हान पर स्थानीय नवीन विश्राम गृह में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले निर्माण से संबंधित विषयों पर लगभग ढाई घंटे तक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हुई। विभिन्न सामाजिक बन्धुओं, सरपंच संघ, चुने हुवे सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संघ व संगठन, सामाजिक अध्यक्ष के लेटर हेड में समर्थन- पत्र प्राप्त करने, जिला निर्माण की मांग को लेकर जनसमर्थन जुटाने एवं आगे की रणनीती तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में क्रमवार कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनाई गई। जिसमें सीएम को ज्ञापन, सांकेतिक धरना प्रदर्शन, गांव गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान, नगर के व्यापारी, ठेला व अन्य सभी संघ से बातचीत, विधायक को मांग पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्राप्त करने व उसके बाद आगे की कार्यवाही पर विचार किए जाने का निर्णय लिया गया।

28 को एसडीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

सरायपाली को जिला बनाए जाने संबंधी मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। इसके लिए एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया है। इस 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में दिलीप गुप्ता, कमल अग्रवाल, भोज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सेवाशंकर अग्रवाल, विनोद जैन, विद्याभूषण सतपथी, मुस्तफीज आलम, पुरुषोत्तम प्रधान, ईश्वर भारद्वाज तथा जगदीश चौहान तथा टिकेश्वर मिश्रा शामिल है।

ये रहे उपस्थित

बैठक में अनिता चौधरी, अब्दुल नईम लखानी, किशोर चंद्र रथ, कमल किशोर अग्रवाल, अरमान हुसैन, दीपक साहू, गुलाम दस्तगीर, फारुख हुसैन, शहादत हुसैन, जावेद खान, अरमान हुसैन आदि उपस्थित थे।

रामचंडी दिवस व स्नेह सम्मेलन पर सेवा कार्य में जुटे स्काउट्स-गाइड्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर परिसर गढ़फुलझर में आयोजित रामचंडी दिवस एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा एवं सुविधा मुहिया कराने में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा एवं राज्य सचिव अमित क्षत्रिय के निर्देशन में स्थानीय संघ बसना के अंतर्गत हाई स्कूल बरोली के स्काउट मास्टर गुरदेव प्रधान एवं गाइड कैप्टन सविता सुमन के मार्गदर्शन में स्काउट्स एवं गाइड्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्काउट्स गाइड्स ने सेवाभाव, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता की तथा मानव सेवा ही सर्वोपरि है, इस संदेश को चरितार्थ किया।

विगत शनिवार को गढ़फुलझर में कोलता समाज द्वारा रामचंडी दिवस के अवसर पर वृहद वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन समारोह का आयोजन रखा गया था जिसमें छग के मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। रामचंडी दिवस के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए भोग-भंडारा में भोजन वितरण, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा पेयजल उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण सेवा कार्य किए गए। इन सभी व्यवस्थाओं में हाई स्कूल बरोली के स्काउट्स एवं गाइड्स ने तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विद्यार्थियों ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से भोजन एवं भोग-प्रसाद प्राप्त करने में सहयोग दिया। वहीं, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।

स्काउटिंग का मूल उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। रामचण्डी दिवस के आयोजन में स्काउट्स-गाइड्स की सहभागिता ने इन आदर्शों को व्यवहार में प्रदर्शित किया।

कोलता समाज की मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता कमलेश साहू ने बताया कि इस आयोजन में स्काउट गाइड के सहयोग के लिए राज्य मुख्य आयुक्त खालसा के प्रति समाज की ओर से आभार व्यक्त की गई। तथा विकासखंड सचिव विवेक दास से बात कर आने वाले समय में इस तरह के आयोजनों में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम तैयार कर सेवा संकल्प के साथ जुटने की अपील की गई।

नवकिरण अकादमी में युवाओं एवं छात्रों के साथ सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का 139वां एपिसोड



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, भाजयुमो महासमुंद जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में नवकिरण अकादमी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया जिसमें युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न विषयों, जनभागीदारी एवं राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका से जुड़े विचारों को सुना गया। कार्यक्रम में युवाओं का उत्साहवर्धन करने एवं उनका मार्गदर्शन करने के लिए मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर तथा पूर्व विधायक श्री विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारी मिलिंद चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी,सुधा साहू, मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, शुभ्रा शर्मा, रमेश साहू, मनीष शर्मा, नंदू जलक्षत्री,दिनेश रूपरेला, कार्यक्रम प्रभारी आकाश पांडे, भाजयुमो जिला मंत्री गीतिका सोनी, द्रोण पटेल, निधि चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, शरद मदनकार सह-प्रभारी राकेश सचदेव, शुभम बाघ, अभिषेक पांडे, पीयूष साहू, बूथ अध्यक्ष पांडुरंग मदनकार, शुभम बाघ, गोपी कन्नौजे, लीलेश साहू, लोकेश चंद्राकर, रोमिल चंद्राकर, अंकुश गौर, लवेश साहू ललित साहू, संस्कार नामदेव सहित भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं छात्र छात्राएं साथी उपस्थित रहे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने प्रदर्शन किया।

केंद्र की भाजपा सरकार ने एक और कमाऊ कंपनी आईडीबीआई बेच दी, 7 से 9 हजार करोड़ हर साल कमाती थी कंपनीः अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया वर्तमान मोदी सरकार ने कमाऊ बैंक आईडीबीआई को 52 हजार 878 करोड़ में कनाडा की फेयर फैक्स फाइनेंसियल होल्डिंग कंपनी को बेच दिया। जबकि, इस बैंक ने पिछले 6 साल में ही 30 हजार करोड़ से ज्यादा का मुनाफा कमाया था।

अंकित ने बताया कि आईडीबीआई बैंक की स्थापना भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के नाम से 1964 में हुई थी, जिसका 1976 में राष्ट्रीकरण कर दिया गया और हाल ही में उसने 2024 में अपनी 60वीं वर्षगाँठ बड़े धूमधाम से 7515 करोड़ की आय दर्ज कर मनाई थी। जिसका नारा था ₹ बैंक ऐसा दोस्त जैसा₹। 2014 में मोदी की भाजपा सरकार आने से पहले 2012-13 में इस बैंक ने 28 हजार 284 करोड़ की कुल आय दर्ज की। 2013-14 में आय 29 हजार 576 करोड़ हो गई और शुद्ध आय 1121 करोड़ रुपये रहा। फिर 2014 के बाद मोदी युग आते ही बैंक को नुकसान होने लगा और इस घाटे दिखाने वाले बैंक में जनता का 21 हजार 624 करोड़ रुपये 2019 में एलआईसी के लगवा के 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी गयी। अंकित ने बताया कि बैंक नुकसान में नहीं था, परंतु अपने मित्रों जिसमें अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस नेवल के 1250 करोड़ रुपये, वीडियोकॉन, किंगफिशर, एबीज शिपयार्ड, एमटेक ऑटो, भूषण पावर समेत जैसी अनगिनत मित्र व्यापारिक कंपनियों के मात्र आईडीबीआई बैंक के ही 50 हजार करोड़ रुपये राइट ऑफ कर दिया। केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल में लगभग 16 लाख करोड़ रुपये के व्यापारिक कर्ज को राइट ऑफ कर दिया था तो नुकसान तो होना ही था। अंकित ने बताया कि 2004 में भाजपा के केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह ने दोनों उच्च सदनों को विश्वास दिलाया था कि किसी भी हाल में कभी भी सरकार की हिस्सेदारी इस बैंक में 51 प्रतिशत से कम नहीं रहेगी और 2005 में इस बैंक को व्यावसायिक कर दिया गया, वर्तमान समय में जब 2019 के एलआईसी के पैसे लगाने के बाद बैंक लगातार फायदे में है। 2024-25 में बैंक ने 7515 करोड़ और 2025-26 में 9513 करोड़ रुपए कमाए थे, वर्तमान समय में बैंक के कुल वसूली योग्य लोन 2 लाख 58 हजार 968 करोड़ हैं, जिनसे ब्याज के रूप में ही बैंक ने 2025-26 में 29 हजार 20 करोड़ रुपये वसूले और बैंक का कुल राजस्व 42 हजार 490 करोड़ था जिसमें शुद्ध लाभ लगभग 9 हजार करोड़ था। अंकित ने बताया कि बैंक के पास लगभग 50 हजार करोड़ से ज्यादा की तो अचल संपत्ति है जिसमें हैदराबाद के पास ही 269 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की 50 एकड़ जमीन है। जिसके अकेले की कीमत 13 हजार करोड़ से ज्यादा की हो जाती है। अंकित ने बताया बावजूद इसके 14 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट की मीटिंग में आईडीबीआई बैंक को बेचने पर मुहर लगा दी साथ ही बैंकिंग संस्थाओं और 49 प्रतिशत तक विदेशी निवेश के प्रस्ताव पर भी रणनीति बनाई जा रही है ऐसा चर्चा में है कि अगली बारी सेंट्रल बैंक, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक की बारी है जिसकी हिस्सेदारी भी बेची जा सकती है। अंकित ने कहा जब आईडीबीआई बैंक को नुकसान में दिखाया गया तक एलआईसी का पैसा लगवा जनता का पैसा लगवाया गया और अब जब बैंक भारी मुनाफे में आया तो उसे विदेशी कंपनी को बेच दिया गया। साथ ही आईडीबीआई बैंक के 20 हजार कर्मचारियों और सरकारी नियमों के खत्म होने से आरक्षण हटने से एससी, एसटी,ओबीसी वर्ग को होने वाले नुकसान का क्या होगा। बैंक डूबने की स्थिति में जमाकर्ताओं के पैसों का क्या होगा ? क्योंकि 2005 के बाद से ये बैंक जन धन खाते,जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन, किसान सम्मान निधि, किसान लोन पर भी काम कर रहा था वो करेगा कि नही ? और भारतीय रिज़र्व बैंक के अधीन डीआईसीजीसी के नियमों के अनुसार, बैंक के दिवालिया होने पर प्रति जमाकर्ता अधिकतम 5 लाख रुपए तक की गारंटी होती है तो बचे पैसे कैसे मिलेंगे क्योंकि अब बैंक प्राइवेट हो चुका है। जैसे कई अनसुलझे सवालों पर आम जनता और उसके पैसों को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा फंसा दिया गया है।



खैर लकड़ी के अवैध कारोबार को लेकर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खैर लकड़ी के अवैध कारोबार के चलते प्रतिस्पर्धा के दौरान मारपीट के मामले में महासमुंद पुलिस ने एक आरोपी को हरिद्वार उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी संजय छापरिया से पूछताछ के आधार पर बरगढ़ (ओडिशा) स्थित उसके आवास से 45 लाख रुपए तथा सहयोगी (टैक्स कंसल्टेंट) के घर से 15 लाख रुपए (कुल 60 लाख रुपए) बरामद किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 09 वाहन कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध गतिविधियों, वनोपज के अवैध परिवहन एवं धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोहों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में, वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के आवेदन पर खैर लकड़ी (23,350 किग्रा) के अवैध परिवहन हेतु प्रयुक्त एनटीपीएस एनओसी में कूटरचना कर असल रूप में उपयोग करने और धोखाधड़ी के मामले में थाना पिथौरा में दिनांक 09.07.2026 को अपराध क्रमांक 172/2026 पंजीबद्ध किया गया है। यह प्रकरण धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5), 111 बी.एन.एस. व 25 आर्म्स एक्ट एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42(1) सहपठित धारा 41(2)(ख)(ग)(घ), धारा 52(1) के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के आरोपियों मनीष अग्रवाल, संजय छापारिया से संबंधित एक अन्य घटनाक्रम में, खैर लकड़ी के अवैध कारोबार के प्रतिस्पर्धा में सरायपाली निवासी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के संबंध में थाना सिंघोड़ा जिला महासमुंद में दर्ज अपराध क्रमांक 87/2026 (धारा 109(1), 3(5), 189, 190, 351, 126, 127 बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट) में फरार आरोपी संजय छापरिया को महासमुंद पुलिस की टीम द्वारा दिनांक 18 अक्टूबर को हरिद्वार (उत्तराखंड) से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत माननीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर महासमुंद लाया गया।

पुलिस अभिरक्षा में आरोपी संजय छापरिया से की गई पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर



महासमुंद पुलिस टीम द्वारा ओडिशा के जिला बरगढ़ में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी संजय छापरिया के बरगढ़ स्थित आवास से अवैध खैर लकड़ी के कारोबार से अर्जित 45,00,000 रुपए नगद बरामद कर जब्त किए गए। इसके साथ ही, आरोपी संजय छापरिया द्वारा अपने सहयोगी एवं टैक्स कंसल्टेंट निवासी बरगढ़ के पास रखने हेतु दिए गए 15,00,000 रुपए को भी 22 अक्टूबर को विधिवत जब्त किया गया।

इसके अतिरिक्त, विवेचना के दौरान महासमुंद पुलिस की टीम द्वारा हिमाचल प्रदेश में आरोपी मनीष अग्रवाल एवं संजय छापरिया को अवैध खैर लकड़ी को खपाने (व्ययन) में सहायता करने वाले विभिन्न ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। पूर्व में हिमाचल प्रदेश के ठिकानों से तस्करी से अर्जित अवैध रकम 1,70,00,000 रुपए नकद बरामद कर जप्त किए गए थे। इसी तारतम्य में हिमाचल प्रदेश में ही एक अन्य स्थान पर दबिश देकर 35,00,000 रुपए नगद और बरामद कर विधिवत जब्त किए गए हैं।

इस प्रकार, महासमुंद पुलिस द्वारा अब तक इस प्रकरण में आरोपी मनीष अग्रवाल, संजय छापरिया एवं उनके सहयोगियों के विभिन्न ठिकानों से अवैध खैर लकड़ी के कारोबार से अर्जित कुल 3,61,52,880/- रुपए की नकदी रकम जब्त की जा चुकी है।उल्लेखनीय है कि महासमुंद पुलिस द्वारा अब तक इस अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के विभिन्न राज्यों—ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्थित ठिकानों में दबिश देकर कुल 70 टन अवैध खैर लकड़ी भी जब्त की जा चुकी है। इसके साथ ही, विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा कुल 09 वाहन जप्त किए गए हैं। जप्त वाहनों के प्रकार के अनुसार प्रकरण में कुल 05 भारी मालवाहक वाहन (जिनमें 04 ट्रक एवं 01 डंपर शामिल हैं), 03 कार (जिनमें 01 हुंडई क्रेटा कार, 01 महिंद्रा एक्सयूवी 500 एवं 01 डस्टर कार शामिल हैं) तथा 01 मालवाहक पिकअप वाहन जब्त किया गया है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपए है। अवैध नगदी रकम (3,61,52,880 रुपए) की विधिवत कुर्की एवं आरोपियों को अपराध से अर्जित आर्थिक लाभों से वंचित करने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर प्रेस क्लब में गोली चलने की घटना ने कानून-व्यवस्था पर खड़े किए गंभीर सवालः अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राजधानी के प्रेस क्लब में पदाधिकारियों के खिलाफ कथित तौर पर अनर्गल बयानबाजी कर भय और अशांति का वातावरण बनाने के प्रयासों के बीच देर शाम कई राउंड गोली चलने की घटना बेहद गंभीर है। देर रात हवाई फायरिंग के मामले में बयान जारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महामंत्री (संगठन) अमरजीत चावला ने कहा ये घटना काफ़ी निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई है और पुलिस की जांच जारी है।



पर सवाल यह है कि राजधानी और प्रदेश में आखिर कानून का भय कहां रह गया है? जब प्रेस क्लब जैसे महत्वपूर्ण संस्थान और पत्रकारों से जुड़े कार्यालय भी गोलीबारी जैसी घटनाओं से अछूते नहीं हैं, तो आम नागरिक अपनी सुरक्षा को लेकर किस पर भरोसा करे? इस घटना के संदर्भ में प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर आशंका और चिंता व्यक्त की जा रही है। क्या इस गोलीबारी का निशाना प्रेस क्लब अध्यक्ष या कोई अन्य पदाधिकारी था? क्या घटना के पीछे किसी प्रकार की धमकी या सुनियोजित मंशा थी? या निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकार को डराने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया इन सवालों का जवाब निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के बाद ही सामने आना चाहिए।

अमरजीत चावला ने कहा कि प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि राजधानी और प्रदेश में इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं और पत्रकारों से जुड़े संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पत्रकारिता के संस्थान में गोली चलना केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक माहौल और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ी गंभीर चिंता है। सरकार को इस घटना को हल्के में लेने के बजाय पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए, घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा करना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रदेश और राजधानी में सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है?

प्रदेश की जनता जवाब चाहती है, प्रदेश और राजधानी में सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? पत्रकारों और प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? सरकार और पुलिस प्रशासन इन सवालों पर चुप्पी साधने के बजाय जवाबदेही तय करें तथा सुनिश्चित करें कि प्रदेश की जनता और पत्रकार सुरक्षित रहे और प्रदेश में भयमुक्त वातावरण और कानून का राज कायम रहे।

दीपावली पूर्व कर्मचारियों-पेंशनरों को 2% महंगाई भत्ता एरियर सहित दें : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित दीपावली पूर्व प्रदान करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। फेडरेशन ने पत्र में उल्लेख किया है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एरियर सहित देने का वादा किया है। फेडरेशन के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। श्री वर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

खबर संक्षेप

विधायक, सांसद समेत भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

महासमुंद। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 217 में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों, जनहित से जुड़े विषयों और देशभर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों को सुना। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित अन्य नेतागण, विभिन्न मोर्चे के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

माना में पटपर झांकी का आयोजन 28 को

रायपुर। दीपावली के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से मेनरोड माना बस्ती में श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार डोंगरगढ़, राजनांदगांव की पटपर झांकी का आयोजन रखा गया है। आयोजक मनीष यादव ने इस संबंध में विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू, अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा अमित साहू, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण भोला प्रसाद साहू होंगे।

सीएम साय से सांसद प्रधान ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ओडिशा संबलपुर से सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार कोमुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री प्रधान का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

डाक अदालत 5 नवंबर से

रायपुर। डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों, समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी 5 नवंबर से सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

युवा जोश और बुजुर्गों के मार्गदर्शन से ही गांव की तरक्की संभवः जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांव की वास्तविक तरक्की युवाओं के जोश, सियानों के अनुभव और समाज की एकजुटता से ही संभव है। जब युवा शक्ति को बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलता है, तो गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छूता है। जो आज इस गांव चरौदा में दिख रहा है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल न केवल ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, साहस, संघर्ष क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। यह बात जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद ने ग्राम चरौदा (बांध) में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में कही।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नैन पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच नारायण सिंह ठाकुर ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जयप्रकाश साहू एवं स्थानीय जनपद सदस्य चन्द्रकला साहू शामिल हुईं। मुख्य अतिथि नैन पटेल ने कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेलों के बढ़ते प्रभाव के बीच कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को



जीवंत बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं तथा गांव में सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच विजय साहू, उपसरपंच तोषण साहू, शेखर चंद्राकर, गुणनिधि पटेल, शुभम साहू, सुरेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश साहू, खेमराज सिन्हा, घना चंद्राकर, कन्हैया नायक, संजय समद्दर, इंदल पूरेना, मनोज चंद्राकर, पुष्पेंद्र पूरेना, योगेश सिन्हा, अंकित बेपारी, कुंजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सरपंच नारायण सिंह ठाकुर ने ग्रामवासियों की ओर से आमंत्रित अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र सहित खेल का संचालन शिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने किया।

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर परिक्षेत्र का ग्राम खमतराई में हुआ नवाखाई मिलन समारोह

नई फसल के आगमन, अन्न का सम्मान तथा प्रकृति और पूर्वजों के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है नवाखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर के तत्वावधान में 25 अक्टूबर 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे ग्राम खमतराई (चक सुकुलबाय) में नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नवाखाई पर्व की शुरुआत बूढ़ादेव की पूजा गोंगो के साथ हुई। यह पर्व आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। नई फसल के आगमन, अन्न के सम्मान तथा प्रकृति और पूर्वजों के प्रति आभार व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस पर्व के माध्यम से समाज के लोग अपनी पारंपरिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखते हैं।



समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी कुटुंबजनों को एक मंच पर एकत्रित कर सामाजिक एकता, भाईचारे एवं आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा समाज की प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। लिंगो वाणी गण कर्मा दल पतेरापाली एवं बालिका सुवा दल खमतराई द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज की लोककला एवं परंपराओं को प्रदर्शित किया गया।

समाज के पदाधिकारियों एवं केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ अध्यक्ष कमलेश सोरी व जिलाध्यक्ष डेजीरानी नेताम ने सामाजिक नियमावली का पालन करने, नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने, पारंपरिक वेशभूषा एवं रीति-रिवाजों को प्रोत्साहित करने तथा समाज में शिक्षा, एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, सामाजिक पदाधिकारियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं समस्त कुटुंबजनों की सहभागिता ने नवाखाई पर्व के महत्व को और अधिक गौरवशाली बनाया।



खैरा में ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व, सामाजिकजनों ने दिखाई एकजुटता

अरंड (पिथौरा)। ग्राम खैरा में 25 अक्टूबर को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने अपनी पारंपरिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक तरीके से नवाखाई का त्योहार धूमधाम से मनाया। यहां आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के करीब 35 परिवार निवासरत है, सभी एक जगह एकत्रित होकर नुवाखाई का पर्व मनाकर एकजुटता का संदेश दिया। सबसे पहले अपने-अपने घरों में ईष्ट देवओं की पूजा अर्चना की। बाद समाज के लोगों एकत्रित होकर के बड़ादेव की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया। बाद नए अन्न का प्रसाद ग्रहण कर एक दूसरे नव खाई की बधाई दी



गई। इस दौरान समाज के प्रमुख दसरू राम ध्रुव, हिमाचल पटेल सरपंच, गौर सिंह ध्रुव, सालिक राम ध्रुव, दीपक ध्रुव, महेंद्र कुमार ध्रुव, मुकेश कुमार, सेवकराम ध्रुव, सोमेश ध्रुव, थान सिंह ध्रुव, डेरा रामध्रुव, हार मोती ध्रुव, दुकाला बाई ध्रुव, कांति बाई ध्रुव, रामकुंवर बाई ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, ताराबाई ध्रुव, पदमा बाई ध्रुव, सरिता ध्रुव, गोमती बाई ध्रुव, दुखलाबाई ध्रुव, गोदावरी बाई ध्रुव, निर्मला बाई ध्रुव, देवकी बाई ध्रुव, वीणा ध्रुव, मानसी ध्रुव, युवराज सिंह ध्रुव समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

गुरु सिंघ सभा बसना प्रबंधक कमेटी का सर्वसम्मति से गठन, जसवंत बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

नगर के सिख समाज की प्रमुख संस्था श्री गुरु सिंघ सभा बसना की नई प्रबंधक कमेटी के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा परिसर में हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और गणमान्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक की शुरुआत अरदास के साथ की गई। इसके पश्चात समाज के सर्वांगीण विकास और गुरुद्वारा प्रबंधन को और अधिक सुचारू रूप से चलाने के लिए नई कमेटी के गठन पर चर्चा हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। सभी की सहमति से जसवंत सिंह सलूजा को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके नेतृत्व पर सभी ने विश्वास व्यक्त किया।

नवगठित प्रबंधक कमेटी में संरक्षक मंडल सरिंदर सिंह तलूजा, रंजीत सलूजा, अध्यक्ष, जसवंत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह होरा, मुखविंदर सिंह रंधावा, सचिव चरणजीत सिंह छाबड़ा, सहसचिव विकास वधवा, कोषाध्यक्ष गुलशन वधवा, सह कोषाध्यक्ष दविंदर सिंह होरा शामिल है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसवंत सिंह सलूजा ने कहा कि ईसंगत द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी ईमानदारी और सेवा भाव से निर्वहन करूंगा। गुरुद्वारा साहिब की सेवा, शिक्षा, लंगर व्यवस्था और सामाजिक एकता के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

कमेटी के गठन के तुरंत बाद सभी नवनिर्वाचित सदस्य नानक सागर पहुंचे, जहां बाबा साहेब सिंह से आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा साहेब सिंह ने सभी सदस्यों को सरोपा भेंट कर शुभकामनाएं दीं और चढ़दी कला की अरदास की। उन्होंने नई कमेटी से पंथ की सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित समूह ने एक-दूसरे को बधाई दी और गुरु पर्व व आगामी कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

जगन्नाथ मंदिर परिसर में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

पिथौरा। नगर के प्राचीन जगन्नाथ मंदिर परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, जल संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक के उपयोग और युवाओं के नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रायगढ़ जिला प्रभारी एवं पिथौरा नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्षद रामकुंवर सिन्हा, महिला मोर्चा महामंत्री वर्षा सोनी और शीतला समाज के संरक्षक चंद्रपाल तारक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना



को आगे बढ़ाते हुए देशवासियों से स्थानीय कारीगरों, छोटे उद्यमियों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में हेवल नदी के पुनर्जीवन के प्रयासों का उल्लेख करते हुए जल संरक्षण, पौधरोपण और प्राकृतिक जलस्रोतों को बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को जनभागीदारी का हिस्सा बनाने की अपील भी की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ई-संजीवनी, अंगदान के महत्व और युवाओं द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कैंसर स्क्रीनिंग, इलेक्ट्रिक वाहन तथा बैटरी तकनीक जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे नवाचारों की चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिक नरिंदर सिंह कपानी के योगदान को याद करते हुए युवाओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पारंपरिक खेती, श्रीअन्न के उत्पादन, भारतीय सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता से जुड़े विषयों का भी उल्लेख किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले 'रन फॉर यूनिटी' का संदर्भ देते हुए उन्होंने देशवासियों से एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।

मिलिंद ने वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑफ एग्रीवोल्टाइक में किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले मिलिंद चंद्राकर ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑफ एग्रीवोल्टाइक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। छत्तीसगढ़ शासन के विद्युत विभाग द्वारा उन्हें इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस सम्मेलन में जर्मनी, बेल्जियम, इजरायल, जापान सहित विश्व के विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में कृषि और सौर ऊर्जा के समन्वय, आधुनिक एग्रीवोल्टाइक तकनीक तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।



मिलिंद को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं अनुभव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया। एग्रीवोल्टाइक एक ऐसी आधुनिक तकनीक है, जिसके माध्यम से कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी किया जा सकता है। इससे भूमि का बेहतर उपयोग करने, किसानों के लिए अतिरिक्त आय की संभावनाएं विकसित करने तथा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना राज्य के लिए गौरव का विषय है। इस सहभागिता से विश्व के विभिन्न देशों में अपनाई जा रही आधुनिक सौर ऊर्जा तकनीकों और कृषि-ऊर्जा समन्वय से जुड़े नवाचारों को समझने तथा छत्तीसगढ़ में उनके संभावित उपयोग की दिशा में नए अवसर प्राप्त हुए। मिलिंद की इस सहभागिता को छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा के विस्तार, आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन देने तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

धान कटाई के बीच किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के साथ भीखम ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

बागबाहरा। ग्राम घुंचापाली कला में बूथ क्रमांक 85 एवं 86 के अंतर्गत भारत केप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड का जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर ने कृषकों एवं खेतिहर मजदूरों के साथ रेडियो के माध्यम से श्रवण किया।

इस अवसर पर भीखम सिंह ठाकुर ने भारत चंद्राकर के खेत में धान कटाई के दौरान किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। खेतों में मेहनत करते अन्नदाताओं के साथ 'मन की बात' का श्रवण ग्रामीण जीवन, श्रम, जनभागीदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सुंदर उदाहरण रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हुए 'वोकल फॉर लोकल', स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी जैसे विषयों के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके संदेश स्थानीय उत्पादों को



प्रोत्साहित करने, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने तथा विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों, जनसेवा के कार्यों और समाज के प्रेरणादायी प्रयासों को देशवासियों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के बीच इस कार्यक्रम का श्रवण करना विशेष अनुभव रहा। अन्नदाता किसानों का परिश्रम देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा का आधार है। उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में राधे साहू (उपसरपंच, जुनवानी कला), जगन्नाथ ध्रुव (बूथ अध्यक्ष), ओमप्रकाश ध्रुव, गीता यादव, देवकी यादव, ओमकुमारी साहू, विशाखा यादव, नीतू ध्रुव, मुन्नी बाई, यामिनी बरीहा, महेश ध्रुव, प्रेम बाई ध्रुव, लक्ष्मण ध्रुव, सोनू ध्रुव, खिलेश नायक एवं सेवक राम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, किसान एवं खेतिहर मजदूर उपस्थित रहे।

अंत में भीखम सिंह ठाकुर ने अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम को नमन करते हुए सभी से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

वोट चोरी से घबराई सरकार, ट्रेनें रद्द कर जनता को दे रही सजा : विनोद

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर लोकतंत्र को खत्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अब तानाशाही रवैये पर उतर आई है और संवैधानिक तरीके से हो रहे विरोध को दबाने के लिए आम जनता की आवागमन का सबसे बड़ा साधन ट्रेनों को ही रद्द किया जा रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि वैवाहिक सीजन में जब लोगों ने महीनों पहले अपने परिवार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए कंफर्म टिकट बुक कराए थे, ठीक उसी समय झारसुगुड़ा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के नाम पर 50 से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें हावड़ा पुणे दुरंतो, पुणे हावड़ा दुरंतो, टाटानगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी टाटानगर, सूरत मालदा टाउन, कामाख्या एलटीटी, दुर्ग हटिया, हटिया दुर्ग, बिलासपुर बक्सर, पोरबंदर सांतरागाछी, हावड़ा अहमदाबाद, अहमदाबाद हावड़ा सहित छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं। कुछ ट्रेनें बदले मार्ग से चल रही हैं तो कुछ को राउरकेला स्टेशन पर ही समाप्त किया जा रहा है। इसका सीधा असर महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा, बिहार, झारखंड और दिल्ली जाने वाले यात्रियों के साथ आम लोगों और कारोबारियों पर पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। जनवरी से सितंबर के बीच बिलासपुर रेल मंडल से जुड़ी 840 ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं, 46 मेमू ट्रेनों को बीच रास्ते में ही समाप्त कर दिया गया। इनमें 362 एक्सप्रेस, 318 मेमू और 160 पैसेंजर ट्रेनें थीं। सबसे ज्यादा 234 ट्रेनें अकेले अप्रैल माह में रद्द हुईं। तीसरी और चौथी रेल लाइन के निर्माण, मेगा ब्लॉक और नॉन इंटरलॉकिंग के नाम पर 55 ट्रेनों के मार्ग बदले गए। चांपा स्टेशन पर चौथी रेल लाइन के काम के कारण 77 ट्रेनें रद्द की गईं। यह आंकड़ा बताता है कि सरकार को यात्रियों की तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है।

अब तक स्पेशन ट्रेनों की नहीं हुई घोषणाः चंद्राकर ने आगे कहा कि एक तरफ ट्रेनें रद्द की जा रही हैं तो दूसरी तरफ दिवाली और छठ जैसे बड़े त्योहार नजदीक होने के बावजूद अब तक स्पेशल ट्रेनों की घोषणा नहीं हुई है। यूपी बिहार झारखंड दिल्ली रूट की नियमित ट्रेनें अभी से फुल हो चुकी हैं, कई ट्रेनों में वेटिंग 150 से ज्यादा हो चुकी है और कुछ में तो नो रूम की स्थिति है। दिवाली में महज 15 दिन बचे हैं लेकिन कंफर्म बर्थ के लिए लोग रेलवे की वेबसाइट और एप पर नजर गड़ाए बैठे हैं। रेलवे कह रहा है कि जल्द घोषणा होगी लेकिन इससे तत्काल कोटे पर दबाव बढ़ेगा।



खबर संक्षेप

निःशुल्क पथरी ऑपरेशन शिविर कल

महासमुंद। सोहम जन सेवा समिति के तत्वाधान में सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क पथरी ऑपरेशन शिविर 27 अक्टूबर डॉ. आकाश अग्रवाल यूरो सर्जन परामर्श देंगे। वे सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने के लक्षण परामर्श में बार बार पेशाब आना, पेशाब में जलन या दर्द होना, पेशाब में खून आना, स्टोन के लक्षण, पेशाब का प्रवाह कमजोर होना, पेशाब मार्ग में रुकावट आना, ऐसे परेशानियों से मदद मिल सकता है। लेब टेस्ट एवं सीटी स्कैन में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

कुसमी में दो दिवसीय अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

नर्रा। ग्राम कुसमी में जूनियर स्टार कबड्डी कमेटी एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 9वां वर्ष 27 एवं 28 अक्टूबर मंगलवार एवं बुधवार को किया जा रहा है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतियोगिता संध्या 8 बजे से प्रारंभ होगी। स्पर्धा का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा कबड्डी के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता टीमों को नगद राशि एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कारः 15, 001 रुपये, द्वितीय पुरस्कारः 10, 001 रुपये, तृतीय पुरस्कारः 7, 001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कारः 5, 001 रुपए दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में चैलेंजर शील्ड, एलईडी, कबड्डी मैट, पिकअप एवं अन्य विशेष उपहार भी दिए जाएंगे। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर एवं बेस्ट ऑलराउंडर को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। विजित टीमों के लिए समिति की ओर से भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोमल ओम प्रकाश पटेल सरपंच, ग्राम पंचायत कुसमी होंगी।



रेलवे बैरिकेड्स के साथ पैदल आवागमन के लिए गेट खोलने की मांग

महासमुंद। शहर में रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से लगाए जा रहे बैरिकेड्स के कारण आम नागरिकों के आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का एवं भाजयुमो शहर महामंत्री गौरव राठी ने रेलवे प्रशासन के इंजीनियर बारिक को ज्ञापन सौंपकर पैदल आवागमन के लिए गेट की व्यवस्था करने की मांग की। राठी ने रेलवे इंजीनियर का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाना आवश्यक है, लेकिन कुछ स्थानों पर आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स के साथ पैदल आने-जाने के लिए गेट की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इमलीभाठा से शंकर नगर आने-जाने वाले मार्ग पर विशेष रूप से पैदल आवागमन की सुविधा बनाए रखना जरूरी है। शंकर नगर में पुरानी लकड़ी टाल के पास रेलवे सिग्नल के दोनों ओर से लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग पैदल आते-जाते हैं। यदि इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है, तो नागरिकों को शहर आने-जाने के लिए लगभग एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। ज्ञापन पर रेलवे इंजीनियर बारिक ने सहमति जताते हुए संबंधित स्थल का निरीक्षण करने तथा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स के साथ पैदल आवागमन के लिए गेट की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

आयोजनः नाट्यकला में रामायण विषय पर हुआ व्याख्यान

एक दशक से रामलीला की प्रस्तुति दे रहे कलाकारों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दिशा नाट्य कला मंच के तत्वावधान में 22 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 से 5 बजे तक स्वाध्याय केंद्र में 'नाट्यकला में रामायण' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लोक संस्कृति के अध्येता एवं इंडोलॉजिस्ट आचार्य ललित मुनि थे। अध्यक्षता रामलीला आयोजन समिति के प्रमुख अधिवक्ता भूपेंद्र राठौर ने की। विशिष्ट अतिथि गायत्री परिवार के प्रतिनिधि एमएल साहू रहे। इस अवसर पर पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में विगत 10 वर्षों से आयोजित हो रही रामलीला में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दे रहे कलाकारों एवं सहयोगियों को सम्मान पत्र तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात दिशा नाट्य कला मंच के संचालक नरेश साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने मंच की 25 वर्षों की गौरवशाली रंग यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था नाट्यकला के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, प्रेरणाप्रद संदेशों एवं शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में 25 कलाकारों के दल वाली यह संस्था रायगढ़, भिलाई, बिलासपुर, नागपुर तथा रायपुर के मुक्ताकाश जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर 30 से अधिक नाटकों का सफल मंचन कर चुकी है।

राम ही भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोते हैंः आचार्य

अपने मुख्य व्याख्यान में आचार्य ललित मुनि ने 'नाट्यकला में रामायण' विषय का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों में रामायण एवं रामलीला के मंचन के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। प्राचीन नाट्य मंच व्यवस्था का उदाहरण देते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध सीताबेंगरा गुफा का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में सांस्कृतिक एवं भौगोलिक अनेकता के बावजूद भगवान राम का आदर्श चरित्र सभी को एक सूत्र में पिरोता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिवक्ता भूपेंद्र राठौर ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से रामलीला का मंचन 'लाइट एंड साउंड' तकनीक के साथ नवीनता से किया जा रहा है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने प्राचीन नाट्यकला को 'नाट्यशास्त्र' के रूप में देखे जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि एमएल साहू ने कहा कि संस्था के कलाकार समर्पित भाव से लोक-रंजन के साथ 'लोक-मंगल' की भावना को साकार कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है।

रामलीला के समर्पित कलाकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान की रामलीला में पिछले एक दशक से विभिन्न भूमिकाएं एवं दायित्व निभा रहे सदस्यों व कलाकारों का भावभीना सम्मान किया गया।

इसमें अवनीश वानी, बंधु राजेश्वर खरे, मनोज साहू, हुमेश्वर सोनवानी, डॉ. देवेंद्र साहू, प्रेमलता साहू, स्व. आदित्य सिंह की धर्मपत्नी एवं सुपुत्र जयदित्य सिंह तथा हेमंत बघेल, डी. बसंत साव, किरण कुमार कनौजे, लोकनाथ साहू, अमित हिशीकर, यशवंत साहू, राजीव साहू, योगेश साहू, थमेंद्र सोनवानी, मनोहर साहू, नीरज साहू, डागेश्वर साहू, महेंद्र यादव, रेयांश साहू, हितेश वर्मा, जलव्य साहू, बादल चक्रधारी, यशांस साहू, वैदिक साहू, आकाश चक्रधारी, पोखन साहू एवं विराट दीप आदि शामिल रहे। संचालन कवि रूपेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन अमित हिशीकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भागवत जगत, उमेशगिरी, टेकराम सेन, तारकेश्वर साहू, डॉ. रामस्वरूप चंद्राकर, संध्या शर्मा, भारतसिंह साहू, तिलक साव एवं चंद्रशेखर साहू सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्कूल में मोबाइल, शिक्षक नदारद?

जीपीएस लोकेशन और वास्तविक उपस्थिति के अंतर की जांच जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए लागू मोबाइल ऐप आधारित ई-अटेंडेंस व्यवस्था पर अब सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि कुछ शिक्षक स्कूल में अपनी वास्तविक मौजूदगी के बिना भी मोबाइल के जरिए ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने का तरीका अपना रहे हैं।

ई-अटेंडेंस व्यवस्था के तहत शिक्षकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होती है। इसके लिए मोबाइल का जीपीएस चालू रखना जरूरी है, ताकि ऐप में दर्ज लोकेशन का स्कूल की निर्धारित लोकेशन से मिलान किया जा सके। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, स्कूल की निर्धारित लोकेशन से 100 मीटर के दायरे में होने पर ही हाजिरी दर्ज करने की व्यवस्था है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थिति की निगरानी किए जाने की बात भी सामने आई है। लेकिन अब इस व्यवस्था में संभावित गड़बड़ी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि कुछ मामलों में दो मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक मोबाइल स्कूल में रखकर उसकी लोकेशन स्कूल परिसर में बनाए रखने और दूसरे मोबाइल के साथ शिक्षक के बाहर रहने की आशंका जताई जा रही है।

औचक निरीक्षण से खुल सकती है स्थिति

ई-अटेंडेंस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए स्कूलों में औचक निरीक्षण महत्वपूर्ण हो सकता है। निरीक्षण के दौरान ऐप में दर्ज उपस्थिति का मिलान संबंधित शिक्षक की स्कूल में मौजूदगी और कक्षा संचालन से किया जा सकता है। यदि किसी शिक्षक की उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद वह स्कूल में नहीं मिलता है, तो संबंधित मामले की जांच कराई जा सकती है। वहीं, यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। नियमित निरीक्षण से उन शिक्षकों की स्थिति भी स्पष्ट होगी, जो समय पर स्कूल पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने कहा कि अभी तक हमारे संज्ञान में नहीं आया है। विकासखंड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश करूंगा। सभी स्कूलों का समय-समय पर दौरा कर ऐसे शिक्षकों के ऊपर निगरानी रखें।

बैठक लेकर किसान रायपुर जाने भर रहे हुंकार



महासमुंद। भारतीय किसान संघ की नावाडीह नागेश्वर मंदिर (बसुलाडबरी) में बैठक हुई। जिसमें 15 गांव के किसान एकजुट हुए, बैठक में मुख्य रूप से 27 अक्टूबर को रायपुर में महानदी भवन घेराव के संबंध में चर्चा किया गया। किसानों को बताया गया कि धान खरीदी के बकाया बोनस, समर्थन मूल्य बढ़ोतरी एवं धान खरीदी में परेशानी के संबंध में सरकार से मांग की जाएगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साव, जिला मंत्री धनंजय साहू एवं बागबाहरा तहसील अध्यक्ष रोशन लाल साहू ने जिले के किसानों से 27 अक्टूबर को अपने स्वयं खर्च से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर पहुंचने की अपील की। बैठक में सनथ ठाकुर, नाथूराम ठाकुर, पेंक सिंग ठाकुर, भागवत ठाकुर, धनसिंग ठाकुर, डोमन ठाकुर, चोवाराम चंद्राकार, नेहरू लाल साहू, अशोक साहू, यशवंत चंद्राकर, दयाराम चंद्राकर, विष्णु साहू, पवन यादव, लीलाधर ठाकुर, नोहर साहू, जागेश्वर दीवान, यादराम साहू, राकेश चंद्राकर, लुनेश चंद्राकर आदि उपस्थित हुए।

शास्त्री चौक में नाली निर्माण को लेकर हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शहर के भलेसर रोड में नाली निर्माण को लेकर नागरिक श्रवण चंद्राकर ने कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद द्वारा 15 अक्टूबर को संयुक्त स्थल निरीक्षण, सीमांकन और जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन आज पर्यंत तक न तो जांच की गई और न ही उन्हें स्थल निरीक्षण की सूचना दी गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार, जांच पूरी होने से पहले ही विवादित स्थल पर नाली तोड़कर नवीन निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे मौके की वास्तविक स्थिति बदलने और निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका है। श्रवण चंद्राकर ने कलेक्टर से मांग की है कि विवादित स्थल पर नाली तोड़ने एवं निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही उनकी उपस्थिति मंर राजस्व विभाग, नगर पालिका अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण और सीमांकन कराया जाए।

उन्होंने वर्ष 2009 के न्यायालयीन प्रकरण, राजस्व अभिलेख, नाली की पूर्व स्थिति, स्वीकृत नक्शा, ड्राइंग, एलाइनमेंट एवं निर्माण स्वीकृति की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा दिनांक 06.10.2026 को नाली हटाने की कार्रवाई किस आदेश या सूचना के आधार पर की गई, इसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने तथा स्थल की वर्तमान स्थिति के फोटो, माप एवं अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि जांच के लिए स्पष्ट आदेश जारी होने के बावजूद बिना जांच और बिना सूचना दिए निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने निष्पक्ष जांच पूरी होने तक विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

हर वार्ड में विकास ही प्राथमिकताः निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शहर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित बेलदार पारा में लंबे समय से मांग की जा रही सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद प्रीति बादल मक्कड़ के साथ विधि-विधान से किया। भूमिपूजन के साथ ही वार्डवासियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करना हमारा लक्ष्य है। बेलदार पारा में सड़क की समस्या को लेकर लंबे समय से मांग आ रही थी। पार्षद के प्रयासों से आज इस कार्य की शुरुआत हो रही है। आने वाले समय में वार्ड की अन्य समस्याओं का भी चरणबद्ध तरीके से निराकरण किया जाएगा। सड़क, नाली, पानी और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पालिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाएगा। वार्ड पार्षद प्रीति बादल मक्कड़ ने भी कहा कि इस रोड के बन जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापतिगण जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, नीरज चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, चंद्रशेखर बेलदार, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी सहित वार्डवासी रेखराज श्रीवास्तव, नानू खान, अनीश राजवानी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

अनाथ बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

महासमुंद। नमो नमो मोर्चा भारत के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने अपना जन्मदिन शुक्रवार को नजदीकी ग्राम बेलसोंडा स्थित कस्तूरबा ट्रस्ट के अनाथ बच्चों के बीच मनाया।

ट्रस्ट पहुंचने पर बच्चियों ने पुष्प गुच्छ देकर, आरती तिलक कर गीतों के माध्यम से उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। बच्चों के इस प्यार और अपनापन से अभिभूत होकर बघेल ने कहा कि आप अपने आप को कभी अकेला मत समझिए। आप सभी मेरी छोटी बहनें हैं। एक भाई किसी अनाथ बच्चों से नहीं बल्कि अपनी बहनों से मिलने आया है। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता केवल आज के दिन का नहीं है बल्कि जीवन भर का है। आगामी सर्द मौसम को देखते हुए बघेल ने 47 बच्चियों को गर्म कपड़े, लेगिंग्स और मोजे प्रदान किए और उन्हें आश्वस्त किया कि जब भी आवश्यकता पड़ेगी आपका भाई आपके बीच खड़ा मिलेगा। इस अवसर पर बच्चियों को समोसे, केला, जलेबी का स्वल्पाहार भी कराया गया।



इस अवसर पर उनके साथ नमो नमो मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय शास्त्री, महासमुंद युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित साहू, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश साहू, भावेश नागेश, चंद्रकांत नागेश, महेंद्र विश्वकर्मा, उत्तम मरकाम, गजेंद्र डहरिया, संजय सिंह राजपूत, नंदकिशोर साहू, जित्तू श्याम बघेल, निर्मला आवडे, जीवक आवडे, सतीराम नेताम, मुकेश मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय फॉरेस्ट ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय विशेष निःशुल्क योग एवं स्वास्थ्य शिविर का आज भव्य, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण माहौल में विधिवत समापन हुआ। शिविर के अंतिम दिन नगर के विशाल जनसमुदाय ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और सामूहिक रूप से योग, प्राणायाम तथा यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर के समापन सत्र में छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साधकों ने भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। अपने उद्बोधन में हेमलता साहू ने कहा कि भागदौड़ भरी आधुनिक जीवनशैली में तनाव, रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा एवं जोड़ों के दर्द जैसी व्याधियां तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे मुक्ति पाने का एकमात्र स्थायी एवं प्राकृतिक माध्यम 'नियमित योग' और 'आयुर्वेद' है। उन्होंने घरेलू जड़ी-बूटियों एवं औषधीय पौधों के दैनिक उपयोग के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

ये रहे उपस्थित

इस तीन दिवसीय शिविर एवं समापन सत्र को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्ताओं एवं साधकों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, आकाश सिंह, गीताराम, पमेंद्र कुमार नसीन, डोली सोनी, माया सोनी, हेम कल्याणी साहू, गायत्री पटेल, कुलेश्वरी, लक्ष्मी, हेमलता कोसरे, नीलम राव, पूजा पांडे, मोतीन कोसरे, कुंती देवांगन, कुमुदनी साव, कमला रोतिया, मनकू राम रोतिया, राधा साहू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा, वरिष्ठ नागरिक एवं योग साधक उपस्थित रहे।

